# पुष्प प्रदर्शनी: "WASTE TO WONDER"

**दिनांक**: 23 फरवरी, 2025

**स्थान**: महाराजा देवी बख्श सिंह, जलाशय, गोंडा

**आयोजक**: जिला उद्यान विभाग, गोंडा

**मार्गदर्शन**: श्रीमती नेहा शर्मा

**थीम**: "WASTE TO WONDER"

**आयोजित गतिविधियाँ**: 1- रंगोली प्रतियोगिता

2- पुष्प प्रदर्शनी (WASTE TO WONDER)

3- पुष्प माला प्रतियोगिता

**निर्णायक मंडल के सदस्य:**

- प्रो. एस.के. श्रीवास्तव, वनस्पति विज्ञान विभाग
- डॉ. रेखा शर्मा, सहायक प्रोफेसर, वनस्पति विज्ञान विभाग

**उद्देश्य**: 23 फरवरी, 2025 को महाराजा देवी बख्श सिंह तालाब, गोंडा में एक भव्य पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में प्रकृति के अद्भुत रंगों और सुगंधों का संगम देखने को मिला।प्रदर्शनी में फूलों की सुंदरता, विविधता और प्रस्तुति के आधार पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रकार के फूलों को सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। फूलों की सुंदरता और विविधता देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए।

**प्रतियोगिता में वनस्पति विज्ञान विभाग के सहयोगी प्राध्यापक**: डॉ. संजय कुमार, डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव, श्री कृष्ण मोहन त्रिपाठी, श्री ड्रिंकल यादव ।

**प्रदर्शनी में प्रतिभागी पुष्प:**

प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के 40 से अधिक फूलों का प्रदर्शन किया गया, जिनमें गुड़हल (Hibiscus rosasinensis), गुलाब (Rosa indica), Gardenia Plant, Geranium Plant, Crassula Plant, Bamboo Plant, Daheliya Plant, Gerbera, Ornamental cabbage plant, Gazania Plant, Golden Jhau, Euphorbia pulcherrima Plant, Shastri Ornamental plant, Desmodium Plant आदि प्रमुख थे।

**विजेता:**

- प्रथम पुरस्कार: एस.एल.बी.एस. डिग्री कॉलेज, गोंडा
- द्वितीय पुरस्कार: जगदम्बाशरण सिंह एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, बेलसर, गोंडा
- तृतीय पुरस्कार: सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली महाविद्यालय, गोंडा

एस.एल.बी.एस. डिग्री कॉलेज, गोंडा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रथम पुरस्कार जीता। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए फूलों की सुंदरता और प्रस्तुति ने निर्णायको को विशेष रूप से प्रभावित किया।

**प्रदर्शनी की विशेषताएं:**

- प्रदर्शनी में विभिन्न प्रकार के दुर्लभ और सुंदर फूलों का प्रदर्शन किया गया।
- फूलों की सुंदरता और सुगंध ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।
- प्रदर्शनी में छात्रों और शिक्षकों ने अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया।
- प्रदर्शनी ने प्रकृति के प्रति प्रेम और जागरूकता को बढ़ावा दिया।

यह पुष्प प्रदर्शनी न केवल फूलों की सुंदरता का प्रदर्शन थी, यह प्रकृति के प्रति हमारे प्रेम और सम्मान का भी प्रतीक थी। इस तरह की प्रदर्शनी छात्रों और आम जनता को प्रकृति के प्रति जागरूक करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**निष्कर्ष:**

पुष्प प्रदर्शनी एक सफल आयोजन था जिसने गोंडा के लोगों को प्रकृति की सुंदरता का आनंद लेने का अवसर प्रदान किया । इस प्रकार के आयोजन भविष्य में भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि प्रकृति के प्रति लोगों की जागरूकता और प्रेम को बढ़ावा दिया जा सके।




**पुष्पों की एक झलक**



जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज, गोंडा, वनस्पति विज्ञान विभाग की पुष्प प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए , साथ मे प्राचार्य प्रो0 रवींद्र कुमार एवं प्राध्यापक गण



निर्णायक की भूमिका मे प्रो. एस.के. श्रीवास्तव एवं डॉ. रेखा शर्मा



पुष्पों के साथ वनस्पति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक

प्रोफेसर रवींद्र कुमार

प्राचार्य

डॉ0 रेखा शर्मा

विभागाध्यक्ष

वनस्पति विज्ञान विभाग